प्रेस नोट

दिनांक 21 जून 2018 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के प्रांगण में चतुर्थ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंगलम योग सेण्टर गुरुग्राम के निदेशक योगाचार्य श्री हरिचंद के निर्देशन में अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता सहित समस्त शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग एवं विद्यार्थियों ने योगासन एवं प्राणायाम की क्रियाएं सीखीं। इस आयोजन में भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी एवं जिले के मंडल अध्यक्ष विशेष रूप से अपनी युवा टीम के साथ उपस्थित रहे। इस आयोजन में महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों और बल्लबगढ़ शहर के गणमान्य लोगों ने भी भाग लिया।

'करो योग, रहो निरोग' इस भावना से विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में आये हुए योगाचार्य हरिचंद ने योग की अनेक बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए 'भोजन व भजन' के सही प्रयोगों को दशा और दिशा से सम्बोधित करते हुए सही रूप से भोजन के नियम बताये। साथ ही, उन्होंने कहा कि अगर हम नियमित रूप से छोटे-छोटे योगाभ्यास एवं प्राणायाम करें तो सुनिश्चित रूप से स्वस्थ एवं सयंमित जीवन व्यतीत कर सकते हैं। यदि जीवन चक्र को प्रारम्भ से ही सुधारा जाये तो जीवन के अंतिम पड़ाव में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अतः योग को विशेष महत्त्व देते हुए प्रत्येक मानव को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। तभी इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सार्थकता सिद्ध होगी। यह चतुर्थ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता की सद्प्रेरणा से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ० बांके बिहारी थे। योगाचार्य को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। आज के इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ० अशोक निराला, डॉ० जयपाल सिंह, डॉ० संजीव गुप्ता, श्रीमती रितु, डॉ० विनोद राठी, श्रीमती नेहा गोयल, श्री देवेंद्र कुमार, डॉ० रेनू माहेश्वरी, डॉ० शिल्पा गोयल, डॉ० उषा चौधरी, श्री जगबीर सिंह, लवकेश कर्दम, अनूप चहल आदि उपस्थित रहे।